नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 04.11.2020

- नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार करवा–चौथ पर्व के दृष्टिगत रखते हुये सभी जोनों में साफ–सफाई, पेयजल एवं पथ प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई।

नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार करवा–चौथ पर्व के दृष्टिगत रखते हुये सभी जोनों में साफ–सफाई, पेयजल एवं पथ प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई। श्री पवन कुमार, श्री राजमंगल, श्री हरवंश दीक्षित, श्री चन्द्रवीर सागर, एवं सुनील शाक्य, सफाई निरीक्षको के नेतृत्व में सफाई नायको के माध्यम से वृहद सफाई व्यवस्था, कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। करवा चौथ पर्व के दृष्टिगत नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बने मंदिरो पर प्रकाश व्यवस्था ठीक कराते हुये सफाई व चूने के छिड़काव के साथ–साथ सेनेटाईशन की व्यवस्था करायी गयी। नगर आयुक्त महोदय के द्वारा नगर के धार्मिक स्थलो के आस–पास नियमित रूप से सफाई व्यवस्था कराये जाने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश प्रदान किये गये। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 04.11.2020 को ध्वनि विस्तारण यंत्र के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने, मास्क लगाने, दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये जनता जनार्दन को जागरूक किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकलने, अत्याधिक आवश्यक होने पर बाहर निकलने की स्थिति में मास्क का आवश्यक रूप से प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा के नियमित हाथ धोने के लिये सेनेटाइजर का प्रयोग करने और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील की गई। सार्वजनिक स्थानो पर गंदगी करने, थूकने, मास्क न पहने आदि पर जुर्माना लगाने एवं चालान करने के भी निर्देश सम्बधितो को प्रदान किये गये।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर